हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, शुक्रवार, 29 नवंबर 2024

मेट्रो सिटी

सुगंधित प्रतिबंधित तंबाखू की तस्करी करते एक गिरफ्तार

नागपुर. कलमना पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान मिली गुप्त जानकारी के बाद छापामार कार्रवाई कर गौरी शंकर नगर रोड पीहू किराना दुकान के सामने एक युवक से प्रतिबंधित सुगंधित तंबाकू बरामद किया है। पकड़ा गया आरोपी संजीव उर्फ सुजीत धनराज मंडलेकर (36) प्लॉट नंबर 5,एकता लेआउट कलमना निवासी बताया जा रहा है. मंगलवार रात करीब 9:30 बजे के दौरान कलमना पुलिस की पेट्रोलिंग टीम थाना परिसर में गस्त कर रही थी उसी दौरान एक्टिवा गाड़ी क्रमांक एम एच 49 बी. एस. 2766 पर जाते हुए संजीव पुलिस के हाथ लगा। जब उसकी गाड़ी की जांच की गई तो उसमें प्रतिबंधित सुगंधित तंबाकू और गुटका के करीब 32576 रुपये के माल को पकड़ा गया। मोबाइल फोन और दो पहिया गाड़ी सहित करीब 1,22576 रूपये के माल को पुलिस ने कार्रवाई के दौरान जब्त किया है। उसके खिलाफ कलमना पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

अब वाहन पर पीछे बैठे व्यक्ति को हेलमेट पहनना जरूरी

> नहीं तो कटेगा 1000 रुपए का चालान

नागपुर.

संतरानगरी में अब एक बार फिर हेलमेट सख्ती का आदेश दिया गया है। अब दोपहिया वाहन पर पीछे बैठे व्यक्ति को भी हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा, अगर हेलमेट नहीं पहना है, तो 1 हजार रुपए चालान भरने के लिए तैयार रहना होगा। नागपुर सहित राज्य के दूसरे शहरों में भी यह आदेश लागू करने का निर्देश दिया गया है। शहर यातायात पुलिस के उपायुक्त अर्चित चांडक ने इस संदर्भ में गुरुवार को एक नोटिफिकेशन जारी कर नागरिकों से हेलमेट का उपयोग करने का आह्वान किया है.

राज्य के यातायात विभाग के अपर पुलिस महासंचालक ने इस

बाबत का आदेश राज्य के सभी पुलिस आयुक्तालय व पुलिस अधीक्षकों को दिया है, इसलिए दोपहिया चालक के साथ पीछे बैठे व्यक्ति को हेलमेट जरूरी हो गया है। पीछे बैठे व्यक्ति द्वारा हेलमेट नहीं लगाने पर शहर में लगे करीब 4500 सीसीटीवी की मदद से फोटो लेकर चालान भेजा जाएगा। इस आदेश का पालन का उल्लंघन करने वालों पर शहर के चौराहों पर तैनात यातायात कर्मचारी कार्रवाई भी करेंगे।

हादसों में बढ़ रही मौतों के चलते आदेश

राज्य में सड़क हादसे बढ़ रहे हैं और हादसों में लोगों की मौत का आंकडा भी तेजी से बढ़ रहा है। पिछले साल वर्ष 2023 में नागपुर में यह आंकडा 294 को पार कर गया था। इन आंकडों को देखते हुए दोपहिया वाहन पर पीछे बैठे व्यक्ति को भी हेलमेट पहनना अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया है। शहर में वर्ष 2019 में हुए सड़क हादसे में प्राण गंवाने वालों की संख्या 233, 2020 में 195, 2021 में 255, 2022 में 294 और वर्ष 2023 में यह आंकडा 294 को पार कर गया था, जबकि वर्ष 2019 में सड़क हादसों की संख्या 401 तक पहुंच गई थी, इसलिए अब दोपहिया पर पीछे बैठा व्यक्ति महिला हो या पुरुष, उन्हें हेलमेट पहनना जरूरी है.

ई-चालान मशीन में बड़ा बदलाव

पुलिस विभाग की ई-चालान मशीन में भी इसके लिए बड़ा बदलाव किया गया है। मोटर वाहन कानून 1988 के तहत धारा 128 व 129 में दिए गए प्रावधान के अनुसार दोपहिया चालक व पीछे बैठे शख्स की सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट आवश्यक है। चालक तो हेलमेट पहनता है, लेकिन पीछे बैठा व्यक्ति हेलमेट नहीं पहनता है। सड़क दुर्घटनाओं में मरने और जख्मी होने वालों की संख्या तेजी से बढ़ने का एक कारण यह भी है।

सीएम पद के लिए नाम की घोषणा का इंतजार

नागपुर.

मुख्यमंत्री पद को लेकर सस्पेंस दूर होने लगा है। देवेंद्र फडणवीस का तीसरी बार मुख्यमंत्री बनना लगभग तय है। फिर भी नाम की घोषणा नहीं होने से फडणवीस समर्थकों व भाजपा कार्यकर्ताओं में बेचैनी है। महायुति के सभी नेता कह रहे हैं कि भाजपा का नेतृत्व जो निर्णय लेगा, वह सभी को मान्य होगा, लेकिन भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के निर्णय चौंकानेवाले रहे हैं। ऐसे में नाम घोषित होने का इंतजार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री पद को लेकर एकनाथ शिंदे व देवेंद्र फडणवीस के लिए कामनाएं की गई। पूजापाठ किया गया। आशंका व्यक्त की जाती रही कि शिंदे की नाराजगी महायुति के लिए नया संकट को कारण बन सकती है, लेकिन बुधवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का निर्णय सभी मान्य करेंगे। शिंदे ने जिस तरह भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार माना और स्वयं के लिए लाडली बहनों का भाई होना सबसे बड़ा सम्मान दर्शाया उससे लगता है कि शिंदे मुख्यमंत्री पद की रेस से दूर हो गए हैं।

इधर, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने शिंदे का आभार व्यक्त किया है। इन नेताओं के वक्तव्यों से भी लगता है कि मुख्यमंत्री भाजपा का ही होगा। उधर कुछ कार्यकर्ता कह रहे हैं कि फडणवीस का नाम तय हो गया है। 2 दिसंबर को शपथ-ग्रहण समारोह होने की बातें कही जा रही है, लेकिन यह भी हो सकता है कि 29 नवंबर यानी शनिवार को शपथ ग्रहण हो जाए। फिलहाल संसद का अधिवेशन चल रहा है।

खास बात है कि पड़ोसी राज्यों में बड़ी जीत के बाद भी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने चौंकानेवाला निर्णय लिया था। मध्यप्रदेश में लाडली बहन योजना का श्रेय तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को दिया जाता रहा। भाजपा ने बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की, लेकिन चौहान को मुख्यमंत्री पद से वंचित रखा गया। छत्तीसगढ, राजस्थान में भी ऐसे नाम सामने आए, जिनकी पहले अधिक चर्चा नहीं थी। मध्यप्रदेश के समान महाराष्ट्र में भी चौंकानेवाला निर्णय लिया जा सकता है। लेकिन यह भी कहा जा रहा है चौहान का मामला अलग था। उन्हें एक साल पहले ही संकेत दे दिया गया था। उन्हें मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित नहीं किया गया था, लेकिन फडणवीस के बारे में साफ संकेत दिया गया कि भाजपा बहुमत के करीब पहुंचेगी तो फडणवीस को नेतृत्व मिलेगा।

आज बाबा ताज की 26वीं मनाई जाएगी

नागपुर. हज़रत सैय्यद मोहम्मद बाबा ताजुद्दीन र.अ की ताजआबाद शरीफ, नागपुर दरगाह में आज शुक्रवार को 26वीं मनाई जाएगी और दुरु दो सलाम पेश कर मजार पर चादर और फूल चढ़ाए जाएंगे.

स्टेशन की व्यवस्था को समझना हुआ आसान

> क्यूआर कोड स्कैन करने पर मिलती है जानकारी

नागपुर.

शहर के नागपुर रेलवे स्टेशन को समझना अब आसान हो गया है। 2 दिन पहले मुख्य द्वार पर मार्ग दर्शक लगाया गया है। यात्री अपने मोबाइल अथवा वहीं पर लगी स्क्रीन में आसानी से स्टेशन की व्यवस्था को समझ रहे हैं। गत दो दिन में 6 सौ यात्रियों ने इसका लाभ लिया है। बुधवार को भी एक के बाद एक यात्री इसका उपयोग करते देखे गए। जिससे उन्हें स्टेशन की व्यवस्था समझने में आसानी हुई। रेलवे स्टेशन एक बड़े स्टेशनों की सूची में शामिल हैं। प्रति दिन बड़ी संख्या में गाड़ियों का आवागमन होता है। वहीं यात्रियों की संख्या भी ज्यादा रहती है। इनकी सुविधा व गाड़ियों की व्यवस्था के लिए कुल 8 प्लेटफार्म बनाए गए हैं। स्टेशन पर नियमित आने वाले यात्रियों को स्टेशन व्यवस्था का ज्ञान होता

है, लेकिन नए यात्रियों को व्यवस्था समझना टेढ़ी खीर साबित होती है। इसे देखते हुए रेलवे प्रशासन की ओर से सोमवार को महाप्रबंधक धर्मवीर मीना के हाथों इस मार्ग दर्शक का उद्घाटन किया है। जिसके बाद यात्रियों के लिए खुला कर दिया है। यह एक स्क्रीन है, जिसकी मदद से आसानी से यात्री स्टेशन पर अपनी जरूरत के अनुसार जानकारी ले सकते हैं।

"मार्ग दर्शक" नामक कुउआर आधारित 3डी/2डी वेफाइंडर वेब पोर्टल है। जिसका उपयोग दो तरीके से किया जा सकता है। एक तो अपने मोबाइल के कैमरे से यहां लगे क्यूआर कोड को स्कैन करना पड़ता है। जिसके बाद आपके मोबाइल पर एक लिंक आती हैं, इस लिंक को टच करने के बाद यात्रियों को अपने मोबाइल पर स्टेशन की पूरी लोकेशन आ जाती है। जिससे यात्रियों को आरपीएफ, जीआरपीएफ थाना, कुली, डॉक्टर, स्टेशन मास्टर यहां तक प्लेटफार्म पर कब कौन सी गाड़ी आने वाली है। इसकी जानकारी मोबाइल पर ही मिल जाती है। इसके अलावा एक दूसरा तरीका यही पर डिस्प्ले पर दिए दिशा निर्देशों को मानकर व्यवस्था समझी जा सकती है। पहले दिन यात्रियों को इसकी जानकारी कम होने से बहुत कम लोगों ने इसका उपयोग किया, अब धीरे-धीरे यात्री इसकी मदद लेने लगे हैं।

क्यूआर कोड स्कैन करने पर मिलती है जानकारी

2D मार्ग नक्शे: स्टेशन पर अपनी यात्रा को आसानी से योजनाबद्ध करें। 360 डिग्री 3D दृश्य: स्टेशन का आभासी भ्रमण कर बेहतर जानकारी प्राप्त करें। वॉयस असिस्टेंस : रीयल-टाइम निर्देश और दिशा-निर्देश प्राप्त करें। रीयल-टाइम पोजिशनिंग और ब्लू-डॉट नेविगेशन: स्टेशन पर अपनी स्थिति का आसानी से पता लगाएं। आपातकालीन मार्गदर्शन: सुरक्षा बिंदुओं और आपातकालीन निकासों का त्वरित पता लगाएं।

चुनावी पोस्टर्स-बैनर हटाने की जिम्मेदारी धकेल रहे अधिकारी

> कार्रवाई को लेकर असंमजस

नागपुर.

राज्य में नई सरकार के गठन के लिए प्रयास हो रहे हैं, लेकिन अब भी शहर के कई चौराहों पर शत-प्रतिशत मतदान के आह्वान वाले होर्डिंग्स चौराहों पर नजर आ रहे हैं। इन होर्डिंग्स के लगे होने से ट्रैफिक सिग्नल के साथ ही नागरिकों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन मनपा और जिला प्रशासन के बीच रस्साकशी में होर्डिंग्स हटाने को लेकर कोई भी पहल नहीं हो रही है।

पिछले माह आदर्श आचार संहिता लागू होने के 48 घंटे के भीतर महानगरपालिका क्षेत्र में सरकारी योजनाओं के विज्ञापन, नेताओं और संभावित प्रत्याशियों के बैनर, होर्डिंग्स हटा दिए गए थे। इसके बाद जिला प्रशासन ने शहर भर में करीब 500 स्थानों पर होर्डिंग्स लगाए थे। 20 नवंबर को मतदान प्रक्रिया के लिए शत-प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया गया। 20 नवंबर को मतदान और 23 नवंबर को मतगणना के बाद भी होर्डिंग्स अब भी बने हुए हैं। मनपा के अधिकारियों का दावा है कि जिला प्रशासन ने बगैर अनुमति के होर्डिंग्स लगाए थे, ऐसे में अब हटाने की जिम्मेदारी भी लेना चाहिए।

शहर के घाट रोड के सरदार पटेल चौक, मेयो अस्पताल चौक, अग्रसेन चौक, गांधी पुतला चौक, आजमशाह चौक, टेलीफोन एक्सचेंज चौक पर पिछले दो दिन से अवैध होर्डिंग्स की बाढ़ आ गई है। इन होर्डिंग्स में भारी बहुमत से जिताने पर दादा और भाऊ का अभिनंदन किया गया है। इन होर्डिंग्स को बगैर अनुमति के ट्रैफिक सिग्नल पर लटका दिया गया है। मनपा प्रशासन के कर विभाग का कहना है कि इन्हें हटाने की जिम्मेदारी जोन कार्यालयों की है। अवैध रूप से लगे होर्डिंग्स को लेकर मनपा की अनदेखी से बड़ी दुर्घटना की आशंका बन गई है। मिलिंद मेश्राम, उपायुक्त, कर विभाग, के मुताबिक मनपा मुख्यालय में अवैध होर्डिंग्स को हटाने के लिए कोई भी अतिरिक्त संसाधन अथवा टीम नहीं है। जोन स्तर पर अतिक्रमण कार्रवाई करने वाली टीम से ही होर्डिंग्स को हटाया जाता है। मतदान से पहले जिला प्रशासन ने बगैर अनुमति के जनजागरण के लिए होर्डिंग्स लगाए थे। इन होर्डिंग्स को लेकर मनपा को जानकारी नहीं दी गई। ऐसे में चुनाव के बाद जिला प्रशासन ने ही होर्डिंग्स को हटाना चाहिए। मनपा मुख्यालय के विज्ञापन विभाग से बुधवार को पत्र जारी किया गया है। इस पत्र में अपने-जोन के कार्यक्षेत्र के साथ ही प्रमुख चौराहों और सिग्नलों के समीप के होर्डिंग्स हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

युवक का अपहरण कर 15 लाख रुपए मांगे

नागपुर. एक युवक का अपहरण कर उसके भाई के मोबाइल पर मैसेज भेजकर 15 लाख रुपए की मांग की गई है। फिलहाल आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर दिया है। पांचपावली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

बुधवार सुबह 10.30 बजे मो. हाफिज मो. सईद अंसारी नारी मेट्रो स्टेशन की तरफ बैटरी का चार्जर लेने जा रहा था। इस दौरान उसके मोबाइल पर मैसेज आया कि अभी तक तूने बहुत राजनीति की है, अब मत कर। यह मैसेज करते हुए उसके भाई मो. मुजीब मो. सईद अंसारी (29) का अपहरण करने की जानकारी देते हुए उसे सही-सलामत छोड़ने के लिए 15 लाख रुपए की मांग की। किसी को बताने उसे जान से मारने की धमकी दी। मैसेज करने के बाद आरोपी ने मोबाइल बंद कर दिया है। दिन भर खोजबीन के बाद मो. हाफिज मो. सईद अंसारी ने रात को पांचपावली पुलिस स्टेशन पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। अपहरण का मामला दर्ज कर लिया गया है।

पिकनिक के लिए शिक्षाधिकारी की अनुमति नहीं ली थी

> बस हादसे को लेकर चौंकाने वाला खुलासा

नागपुर.

पिछले दिनों पिकनिक पर जा रहे विद्यार्थियों के बस हादसे को लेकर नए-नए खुलासे हो रहे हैं। चौंकानेवाली जानकारी सामने आ रही है कि सरस्वती हाईस्कूल ने इस पिकनिक के लिए शिक्षणाधिकारी की अनुमति ही नहीं ली थी। इस खुलासे के बाद स्कूल प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शिक्षणाधिकारी रोहिणी कुंभार ने उपशिक्षणाधिकारी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी है। गुरुवार को रिपोर्ट प्राप्त होगी। उसके बाद स्कूल प्रबंधन के खिलाफ उचित कदम उठाए जाएंगे

सरस्वती हाई स्कूल के विद्यार्थियों को पिकनिक ले जा रही बस दुर्घटना का शिकार होने पर शिक्षणाधिकारी कार्यालय सख्त हो गया है। विभाग की पूर्व अनुमति बिना विद्यार्थियों को पिकनिक ले जाने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी है। जिला परिषद माध्यमिक व प्राथमिक शिक्षणाधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी पत्र सभी स्कूलों को भेजकर नियमों का पालन करने की ताकीद दी है। जिले के सभी माध्यम, प्रबंधन व सभी शिक्षा बोर्ड से संलग्न सभी स्कूलों को पिकनिक के नियम एक समान लागू होने का पत्र में स्पष्ट किया गया है।

मंगलवार को विद्यार्थियों को पिकनिक पर लेकर जा रही सरस्वती विद्यालय की बस उलट गई। बस में सवार एक छात्रा की मृत्यु हो गई।

अन्य विद्यार्थी तथा ड्राइवर समेत 44 घायल हो गए। विद्यार्थियों की पिकनिक के लिए शिक्षणाधिकारी कार्यालय से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को एसटी

बस की टक्कर से वृद्ध की हुई मौत

नागपुर. हुड़केश्वर थानांतर्गत विहिरगांव की टर्निंग साइकिल से काम पर जा रहे एक वृद्ध को सिटी बस के चालक ने टक्कर मार दी. उपचार मिलने से पहले ही वृद्ध की मौत हो गई. मृतक उंबरगांव निवासी गौतम चिरकुट लोखंडे (64) बताया जा रहा है. गौतम एक प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय में काम करते थे. बुधवार की शाम अपनी साइकिल से काम पर जा रहे थे. विहिरगांव की टर्निंग के पास सिटी बस क्र. एम.एच.31-ई.एम.0396 के चालक ने उनकी साइकल को टक्कर मार दी. इस हादसे में गौतम बुरी तरह जख्मी हो गए. सिर पर भी गंभीर चोट लगी. स्थानीय नागरिकों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी. उन्हें उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल ले जाया गया.

80 बालवाड़ी के विद्यार्थियों को मिलेगा पोषण आहार

महानगरपालिका के रामनगर स्कूल में अभियान आरंभ

नागपुर.

महानगरपालिका आयुक्त तथा प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी के हाथों बुधवार को मनपा के रामनगर स्कूल में पोषण आहार अभियान आरंभ किया गया। अभियान में आकांक्षा फाउंडेशन द्वारा संचालित रामनगर मनपा अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अन्नामृत फाउंडेशन के सहयोग से पोषण आहार आरंभ हुआ है। मनपा की सभी 80 बालवाड़ी के 1900 छात्रों को जल्द ही पोषण आहार दिया जाएगा। अभियान के आरंभ में मनपा आयुक्त तथा प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी के हाथों रामनगर स्कूल के विद्यार्थियों को पोषण आहार का वितरण किया। इस अवसर पर मनपा

की शिक्षाधिकारी साधना सयाम, सहायक शिक्षाधिकारी संजय दिघोरे, आकांक्षा फाउंडेशन के संचालक सोमसुर्व चॅटर्जी, अन्नामृत फाउंडेशन के अध्यक्ष श्यामसुंदर शर्मा, व्यवस्थापक राजेंद्र रमन, प्रवीण सहानी, बजरंग दास, निर्भय अजय संचेती, रविना संचेती, रमेश रांधड, महेंद्र सेठ, लोकेश पंडित, नंदकिशोर दास, के. वी. सुरेश, रामानुज असावा, के. डी. देशपांडे, विनोद अग्रवाल, मनपा के विनय बगले समेत रामनगर स्कूल के शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान मनपा आयुक्त तथा प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी स्कूल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश भी शिक्षाधिकारी को दिया।

आयुक्त ने विद्यार्थियों से साधा संवाद

स्कूली विद्यार्थियों से संवाद करते हुए मनपा आयुक्त तथा प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी पोषण आहार का महत्व बताया। इसके साथ ही मनपा की बालवाड़ी में शिक्षा लेने वाले विद्यार्थियों के लिए मनपा की पोषण आहार अभियान की जानकारी भी दी। शहर में महानगरपालिका के माध्यम से गुणवत्ता शिक्षा और प्रतिस्पर्धा को पाने के लिहाज से आकांक्षा फाउंडेशन के सहयोग से अंग्रेजी स्कूलों के संचालन की भी जानकारी दी। अन्नामृत फाउंडेशन के अध्यक्ष श्यामसुंदर शर्मा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के विकास के लिए संतुलित आहार के महत्व को बताया। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा फाउंडेशन के स्कूल प्रोजेक्ट के संचालक सोमसुर्व चॅटर्जी ने किया।

कर्जबाजारी के चलते आटो डीलर ने रची अपने ही अपहरण की कहानी

नागपुर. पांचपावली थाना क्षेत्र में अपहरण का एक मामला दर्ज होने के बाद पुलिस के पसीने छूट गए। एक आटोडीलर अचानक गायब हो गया. बाद में उसके फोन से अपहरण होने का मैसेज आया. परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी. लगातार 24 घंटे की जांच के बाद अपहृत युवक हिंगनघाट में मिला. पूछताछ में पता चला कि कर्ज बाजारी होने के कारण उसने खुद ही अपने अपहरण की कहानी रची थी. नई बस्ती, टेकानाका निवासी मुजीद सइद अंसारी (29) आटो डीलिंग का व्यवसाय करता है. 6 महीने पहले ही उसका विवाह हुआ है. पिछले कुछ महीनों से उसका व्यापार नहीं चल रहा था. आर्थिक तंगी के चलते उसने अपने दोस्त से पैसे उधार लिए थे। 6 महीने पहले उसकी शादी हुई. आर्थिक तंगी के चलते उसने अपने दोस्त और रिश्तेदारों से पैसे उधार लिए. गाड़ी बेचने पर उसने सभी को पैसा लौटाने का आश्वासन दिया था लेकिन बात नहीं बनी.

सरकार पर एसटी का 3 करोड़ बकाया

> 10 माह में विभाग की एक हजार से ज्यादा बसों का उपयोग

नागपुर.

महाराष्ट्र की पिछली सरकार ने अपनी कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में जमकर पैसा बहाया था। लाडली बहन योजना के सम्मेलन सहित अन्य सरकारी गतिविधियों में भीड़ लाने के लिए एसटी के नागपुर विभाग से कुल एक हजार 65 बसें लगाई गई थी.इन योजनाओं के दम पर महायुति ने राज्य में एक बार फिर सत्ता में वापसी की है लेकिन, एसटी के नागपुर महामंडल की बकाया राशि अभी तक सरकार से नहीं मिली है। यह राशि 3 करोड़ 9 लाख 85 हजार 1 सौ 95 रुपये बताई जा रही है। एसटी महामंडल को उम्मीद है कि नई सरकार से बकाया रकम मिलने से उसकी तिजोरी में करोड़ों का राजस्व प्लस हो जायेगा।

एसटी के नागपुर विभाग में कुल 440 बसें हैं, जो प्रति दिन घाटे में चलती है। इन बसों में भले ही यात्रियों की संख्या ज्यादा रहती है, लेकिन कमाई के मामले में बसों का खर्च भी नहीं निकलता है। ऐसे में इन बसों को आउटसोर्स से कमाई करनी पड़ती है। जैसे शादी ब्याह, पिकनिक व सरकारी योजना में शामिल होने पर बसों को प्रति किमी 50 रुपये से ज्यादा का किराया मिल जाता है। नागपुर शहर में अकेले लाडली बहन योजना के कार्यक्रम में कुल 557 बसें लगी थी, जिसके बदले सरकार को इन्हें 1 करोड़ 43 लाख रुपए से ज्यादा की राशि देनी है।

सरकार से लगातार मांग

विनोद चावरे, विभाग नियंत्रक, एसटी महामंडल विभाग के मुताबिक सालभर का सरकारी योजनाओं में लगाई गई एसटी बसों का बकाया 3 करोड़ रुपए से ज्यादा है। सरकार से लगातार मांग की जा रही है। अभी तक सकारात्मक प्रतिसाद नहीं मिला। इस कारण नियमित बस चलाने में प्रशासन को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

भारत में बढ़ रहा सर्वाइकल कैंसर का खतरा

> हर दो मिनट में एक महिला की मौत

नागपुर.

सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले सबसे गंभीर स्वास्थ्य खतरों में से एक है। यह गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) में होता है और दुनिया भर में महिलाओं में चौथे सबसे ज्यादा पाए जाने वाले कैंसर के रूप में दर्ज है। वर्ष 2022 में, इस कैंसर के 6,60,000 नए मामले दर्ज किए गए, जिनमें से 90% से अधिक मौतें निम्न और मध्यम आय वाले देशों में हुईं।

भारत में सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में तीसरा सबसे आम कैंसर है। साल 2022 में, 1,23,907 नए मामले दर्ज किए गए और 77,348 महिलाओं की मौत हुई। यह कैंसर मृत्यु के कारणों में दूसरे स्थान पर है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र की 511.4 मिलियन महिलाओं को इस बीमारी का खतरा है। हालांकि सर्वाइकल कैंसर के 16% मामले भारत में होते हैं, फिर भी अधिकांश महिलाएं इस बीमारी की जांच नहीं करातीं। नियमित जांच की कमी और जागरूकता का अभाव इसके प्रमुख कारण हैं। सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) संक्रमण है। इसके अलावा, तंबाकू का सेवन, खराब स्वच्छता, धूम्रपान, बार-बार गर्भधारण, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, कुपोषण, और कई यौन साथी होने जैसी आदतें भी इस बीमारी के जोखिम को बढ़ाती हैं। आरएसटी कैंसर अस्पताल, नागपुर में पिछले तीन वर्षों में दर्ज कुल 8,327 घातक मामलों में से 14% मामले सर्वाइकल कैंसर के थे। अधिकांश रोगी 51-60 वर्ष की आयु वर्ग में थे।

रोकथाम और बचाव के उपाय

डॉ. बी. के. शर्मा के अनुसार, एचपीवी का टीकाकरण और नियमित जांच के जरिए इस बीमारी को रोका जा सकता है। नियमित व्यायाम, स्वस्थ आहार, और फ्लेवोनोइड्स युक्त खाद्य पदार्थ जैसे सेब, पालक, लहसुन, ब्रोकोली, और सोया का सेवन इस बीमारी से बचाव में मददगार हो सकता है। डॉ. करतार सिंह का कहना है कि शुरुआती चरण में पहचान और इलाज से सर्वाइकल कैंसर पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। यदि महिलाओं को मासिक धर्म के बीच या रजोनिवृत्ति के बाद असामान्य रक्तस्राव हो, तो उन्हें तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता और समय पर निदान जरूरी है। सरकार और स्वास्थ्य संगठनों को इस दिशा में और प्रयास करने की जरूरत है ताकि हर महिला को समय पर इलाज मिल सके।

युवा सामाजिक कार्यकर्ता, बुरडे का निधन

सावनेर.

खापा शहर के जाने-माने युवा सामाजिक कार्यकर्ता और व्यवसायी विकास बुरडे का अल्प बीमारी के चलते 27 नवंबर की रात दुखद निधन हो गया। उनकी मृत्यु से खापा और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर फैल गई। उनका अंतिम संस्कार 28 नवंबर 2024 को दोपहर 1 बजे उनके निवास स्थान बाजार चौक, खापा से शिवधाम श्मशान भूमि में किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान उनकी बेटी डॉ. शिवानी विकास बुरडे ने अपने पिता के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी, जिससे समाज को नई दिशा देने का संदेश मिला। विकास बुरडे को उनकी समाजसेवा और हर किसी की मदद के लिए तत्पर रहने वाले व्यक्ति के रूप में याद किया जाता है। उनके अंतिम दर्शन और अंतिम संस्कार में हजारों की संख्या में परिवार के सदस्य, ग्रामीण, और शहरवासियों ने भाग लिया। इस दुखद अवसर पर सावनेर तालुका मराठी पत्रकार संघ के अध्यक्ष किशोर धुंडेले, भारतीय जनता पार्टी सावनेर तालुका अध्यक्ष मंदार मंगले, पूर्व नगरसेवक मनोज कुहिटे, सावनेर शहर शिवसेना अध्यक्ष रामभाऊ घाटोड़े, और अन्य गणमान्य नागरिकों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस शोक संवेदना सभा में डॉ. अमोल देशमुख और प्रफुल्ल मोहिटे सहित अन्य प्रमुख हस्तियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज में विकास बुरडे के योगदान को याद किया। उनकी अनुपस्थिति को समाज हमेशा महसूस करेगा, और उनका योगदान अमिट रहेगा।

मोटरसाइकिल चालक ने वृद्ध को मारी टक्कर

> गंभीर रूप से घायल

सावनेर.

केलवद थाना क्षेत्र के सालई फाटा के पास एक वृद्ध को मोटरसाइकिल चालक ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। 84 वर्षीय व्यंकट बलीराम बोंडे सालई फाटे पर पैदल जा रहे थे। इस दौरान एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही हितज्योति फाउंडेशन के संस्थापक हितेश बनसोड अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल वृद्ध को सावनेर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घटना की सूचना केलवद पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मौके पर मिले मोटरसाइकिल के टुकड़ों से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वाहन स्प्लेंडर था।

सालई फाटा पर सड़क हादसे लगातार हो रहे हैं। कभी जानलेवा दुर्घटनाएं हो रही हैं, तो कभी लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह स्थान राज्य महामार्ग पर स्थित है और यहां एक बड़ा मोड़ होने के कारण वाहनों को आते-जाते देख पाना मुश्किल होता है। हितेश बनसोड ने प्रशासन से मांग की है कि इस क्षेत्र में दोनों ओर गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) लगाए जाएं। साथ ही, हादसाग्रस्त स्थान पर संकेतक, अंधा मोड़ चेतावनी बोर्ड और रेडीमेड रिफ्लेक्टर लगाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसे हादसे टाले जा सकें।

रमा नागसेन ने की बारिश से हुए नुकसान मुआवजे की मांग

कामठी.

नगर परिषद की पूर्व बांधकाम सभापति रमा नागसेन गजभिये ने तहसीलदार गणेश जगदाले को गुरुवार को प्रेषित पत्रक के माध्यम से कामठी शहर अंतर्गत जुलाई महीने में भारी बारिश से हुए नुकसान की भरपाई के लिये तुरंत विशेष आर्थिक पैकेज की मांग की हैं. जिससे राहत कार्यो में तेजी लाई जा सकें.

पूर्व सभापति रमा गजभिये ने पत्रक में कहा है कि नगर परिषद क्षेत्र में जुलाई महीने में हुई तेज बारिश के चलते कई लोगों के घरों की दीवार गिर गई. साथ ही कई लोगों के बारिश की चपेट में आने से गृहस्थी का समान, आनाज, कपड़े आदि गीले होकर खराब हो गए थे. वहीं दूसरे के घरों में शरण लेने मजबूर होना पड़ा. बारिश से मकान के क्षतिग्रस्त होने की सूचना संबंधित अधिकारियों को दी गई. जहां मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने आगे की कार्रवाई की. उन्होंने यह भी कहा कि भारी बारिश से गृहस्थी का सामान, अनाज, कपड़े आदि का

नुकसान हुआ, उसमें कई लोगों को भरपाई मिली. लेकिन आज तक कई लोगों को पैसा नहीं मिला. वे लोग तहसील कार्यालय में जाते हैं, साथ बैंक का चक्कर भी लगा रहे हैं.

उन्होंने तहसीलदार से मांग किया है कि इस नुकसान का आंकलन करने के लिये अपने स्तर द्वारा जल्द से जल्द कार्रवाई करवाकर पीड़ितों को कोई असुविधा न हो इसके लिए सभी प्रभावी कदम उठाकर नुकसान मुआवजा दिया जाए.

प्लाट खरीदी बिक्री का फर्जीवाड़ा

नागपुर. प्लाट खरीदी-बिक्री का फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। बुजुर्ग महिला को लोगों ने लाखों रुपए से ठग लिया है। मामले में अपराध शाखा की यूनिट क्रमांक चार की टीम ने एक आरोपी को मध्य प्रदेश के सिवनी से गिरफ्तार कर लाया और पांचपावली थाने के सुपुर्द किया है। गुरुवार की दोपहर उसे अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड में लिया गया है। शेष फरार आरोपी की तलाश जारी है।तांडापेठ जुनी बस्ती निवासी शकुंतला रामभाऊ गुमगांवकर उम्र 67 वर्ष है, जबकी आरोपी उसकी बस्ती का ही प्रापर्टी डीलर गणपत विठोबा पौनिकर उम्र 67 वर्ष और उसका साथी किशन खावरदास सहजवानी नामक व्यक्ति है। मामला 13 नवंबर 2019 का है। जब शकुंतला को प्लाट खरीदना था। उसकी जानकारी गणपत को थी। उसने हिंगणा तहसील के मौजा पिपलधरा पहन 63 खसरा नंबर 130 में डाले गए ले-आउट में से प्लाट नंबर 1 से 11 दिखाए। उन प्लाटों का क्षेत्रफल 16.937 चौरस फीट है। उसका सौदा 33 लाख 87 हजार 400 रुपए में हुआ। उसके लिए डिमांड नोट पर शकुंतला से 44 हजार रुपए लिए गए। उसके बाद रजिस्ट्री के लिए 7 लाख 77 हजार रुपए ऐसे कुल 42 लाख 52 हजार 400 रुपए लेने के बाद भी उसे फर्जी पॉवर अटर्नी थमाई गई है।

एड. सुलेखा कुंभारे की छवि ख़राब करने वालों के खिलाफ शिक़ायत दर्ज: भगत

नागपुर/कामठी.

26 नवंबर संविधान दिवस के अवसर पर बहुजन-रिपब्लिकन एकता मंच की संयोजिका व पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा कुंभारे समेत पदाधिकारियों ने बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सामूहिक अभिवादन किया. तत्पश्चात मोमबत्ती, धूपबत्ती जलाने के बाद एड. सुलेखा कुंभारे दूसरे कार्यक्रम के लिए रवाना हो गईं. इसी बीच दो लोग द्वारा एड. सुलेखा कुंभारे से चर्चा की गई. कोई अप्रिय घटना नहीं घटी. लेकिन आंबेडकर के अनुयायियों ने इस चर्चा का वीडियो बना लिया. सोशल मीडिया पर गलत तरीके से प्रचार है करते हुए एड. सुलेखा कुंभारे की छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है.

उपरोक्त आरोप लगाते हुए बहुजन-रिपब्लिकन एकता मंच की नागपुर शहर अध्यक्ष वंदना भगत ने चेतावनी दी है कि एड. सुलेखा कुंभारे के बारे में गलत जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज की जाएगी.

कैंसर हॉस्पिटल का वार्षिक उत्सव संपन्न

नागपुर.

राष्ट्रसंत तुकडोजी क्षेत्रीय कैंसर अस्पताल एवं शिक्षण संस्थान का वार्षिक समारोह हाल ही में संपन्न हुआ। समारोह में भारतीय चिकित्सा संघ की अध्यक्ष डॉ मंजूषा गिरी प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थी ,जबकि कैंसर रिलीफ सोसायटी के सचिव अनिल मालवीय , उपाध्यक्ष अशोक कृपलानी, रणधीर जवेरी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ विकास धनौरकर, हरीश केला, मुख्य रूप से उपस्थित थे। वार्षिक समारोह में रंगारंग कार्यक्रम

की प्रस्तुति की गई , जिनमें नृत्य , संगीत की प्रस्तुति देते हुए नर्तकों ने भारत के समृद्ध उज्जवल और जीवन संस्कृत नित्यो को दर्शाते हुए लावणी और कालबेलिया जैसे लोक नृत्य भी प्रस्तुत किया जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। उप प्राचार्य डॉक्टर बी के शर्मा ने आभार माना। सफलतार्थ स्नेह सावटकर दिव्या रहाटे,जागृति ठाकरे ,मंथन मोहो ड ,पवन डाइन ,साहिल बोरकर हरिप्रसाद ,आदि ने परिश्रम किया।

अत्यधिक ठंड के कारण मृतकों की संख्या में वृद्धि

> कन्हान में एक ही दिन में ठंड से 6 लोगों की मौत

> स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. ओमप्रकाश चौबे ने दिये महत्वपूर्ण सुझाव

कन्हान.

बीते कुछ दिनों से गिरते तापमान के कारण बच्चों और बुजुर्गों में श्वसन संबंधी बीमारियों में तेजी से वृद्धि हो रही है। अस्थमा, हृदय रोग और लकवे जैसी बीमारियां लोगों की मौत का कारण बन रही हैं। अकेले कन्हान में एक ही दिन में 6 लोगों की मौत इसी प्रकार की समस्याओं के चलते हुई। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. ओमप्रकाश चौबे ने ठंड से बचने के उपाय और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। डॉ. चौबे ने बताया कि ठंड के मौसम में तापमान का गिरना आम बात है, लेकिन यह हमारे शरीर, खासतौर पर हृदय और श्वसन प्रणाली पर गंभीर असर डाल सकता है। ठंड के कारण रक्तवाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं, रक्त गाढ़ा हो जाता है और सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। यह हृदय रोग से पीड़ित लोगों में सीने में दर्द और बुजुर्गों में लकवे जैसे गंभीर रोगों का कारण बन सकता है। ऐसे में ठंड से बचने के उपाय करना बेहद जरूरी है।

ठंड से बचाव के उपाय

डॉ. ओमप्रकाश चौबे ने ठंड से बचने के लिए निम्नलिखित सुझाव दिए हैं: सुबह और शाम गर्म कपड़े पहनें।, गुनगुने पानी का सेवन करें।, गर्म और पौष्टिक आहार, जैसे सूप, अदरक वाली चाय और काली मिर्च का सेवन करें।, रात में सोने से पहले हाथ और पैरों के तलवों की रगड़कर तेल से मालिश करें।, सुबह बिस्तर से उठने के बाद तुरंत न उठें। थोड़ी देर बिस्तर पर बैठें और फिर उठें।, निंद से उठने के तुरंत बाद वॉशरूम जाने से बचें। डॉ. चौबे का कहना है कि ठंड के इस मौसम में बच्चों और बुजुर्गों का खास ख्याल रखें और इन सुझावों का पालन करें ताकि ठंड के दुष्प्रभाव से बचा जा सके।

बोधगया महाबोधि महाविहार बौद्ध अनुयायियों को सौंपने की मांग

कामठी.

अखिल भारतीय बौद्ध मंच (एआईबीएफ) राज्य शाखा समिति की ओर से तथा भारत में सभी बौद्ध संघटना का प्रतिनिधित्व करते हुए कामठी समता सैनिक दल शाखा द्वारा बिहार स्थित बौद्ध का सबसे पवित्र स्थल ,जो कि ब्राह्मणवादी अतिक्रमण के दमन का प्रतीक है, उसे ब्राह्मणवादी प्रभाव से मुक्त करने की मांग का कामठी तहसीलदार के माध्यम से सरकार और शासन को ज्ञापन सौंपा गया.

अखिल भारतीय बौद्ध मंच का उद्देश्य महाबोधि महाविहार और भारत के पवित्र बौद्ध स्थलों को ब्राह्मणवादी प्रभाव एवं अतिक्रमण से मुक्त करना है, तथा बोधगया महाविहार मंदिर अधिनियम 1949 को निरस्त करना. एक नई स्वायत्त संस्था महाबोधि महाविहार चैत्य ट्रस्ट का गठन करना है. बता दे, बिहार के बोधगया स्थित महाबोधि महाविहार दुनिया भर के बौद्ध अनुयायियों का एक पवित्र

स्थल है, जो 1949 से गैर- बौद्ध पुजारी पांडवों के हाथों में है. बरसों से इसे बौद्धों को सौंपने के लिए संघर्ष किया जा रहा है. कई बार महाविहार महाबोधि मुक्ति आंदोलन भी किए गए हैं, लेकिन सरकार इस पर कोई भी ठोस विचार नहीं कर रही है. जिसके चलते बौद्ध अनुयायियों में तीव्र रोष व्याप्त है. संपूर्ण भारत, तथा विदेशों के बौद्ध अनुयायियों द्वारा इसके खिलाफ आवाज बुलंद की जा रही है. ज्ञात हो कि वर्तमान 1949 के बोधगया मंदिर अधिनियम को तत्काल समाप्त करना, एक स्वतंत्र बौद्ध प्रबंधन ट्रस्ट का गठन करना, राष्ट्रीय राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग द्वारा तत्काल समीक्षा करना, महाबोधि महाविहार ब्राह्मणवादी पुजारीयों के प्रभाव से तत्काल निरस्त कर बौद्धों को सौंपें जाने की मांग की जा रही है. संगठन की ओर से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री (बिहार), राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष,

महासचिव(एआईबीएफ) के नाम प्रेषित ज्ञापन समता सैनिक दल शाखा कामठी की ओर से ओमप्रकाश मेंढें के नेतृत्व में तहसीलदार गणेश जगदाले को सौंपा गया. शिष्टमंडल में समता सैनिक दल के समस्त कमांडर, मार्शल, सैनिक बडी संख्या में उपस्थित थे.

महात्मा ज्योतिबा फुले महिला शिक्षा के प्रणेता थे : कुंभारे

कामठी.

महात्मा ज्योतिबा फुले ने सत्यशोधक समाज की स्थापना की. महाराष्ट्र में महिला शिक्षा को बढ़ावा देकर भारत में पहला बालिका विद्यालय 1748 में पुणे में खोला गया. आज लड़कों के साथ-साथ लड़कियां भी पढ़-लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, पायलट तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि देश की प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति बन चुकी हैं. सच्चे अर्थों में महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा महिलाओं के लिए शिक्षा का अवसर स्थापित करके महिलाओं को आत्मविश्वास और सम्मान के साथ जीने का मार्ग प्रशस्त किया गया.

उपरोक्त उद्गार पूर्व राज्य मंत्री एड. सुलेखा कुंभारे द्वारा हरदास शैक्षणिक व सांस्कृतिक संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त की गई. एड. सुलेखा कुंभारे हस्ते महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सामूहिक अभिवादन किया गया. कार्यक्रम का संचालन दिलीप बोबडे एवं प्रास्ताविक हरदास विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र जगताप द्वारा व्यक्त किया गया. उक्त कार्यक्रम में विनोद जुमड़े, संजय सुके, प्रफुल्ल वासे, विशाखा पाटिल, निशा कापसे, वैशाली अढाऊ, विजय अलोने, अजमतअंसारी सहित अन्य शिक्षक, स्नातकोत्तर एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

नागपुर.

2 दिसंबर, सोमवार को सुबह 9:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक नागपुर में 16वें वार्षिक निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप का आयोजन डॉक्टर रिचा राजकुमार जैन द्वारा, उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में, मानव सेवा के रूप में किया जा रहा है। यह कैंप बीजेपी जैन प्रकोष्ठ, दिगंबर जैन महासमिति, पुलक मंच परिवार, साइंस क्लब नागपुर साउथ, डॉक्टर रिचार्ज यूनिक क्लिनिक और यूनिक हेल्थ एंड ब्यूटी मॉल के संयुक्त प्रयास से गांधी ग्रीन मार्केट, मेट्रो पिलर 68 के सामने आयोजित किया जाएगा।

हेल्थ चेकअप की सुविधाएं: 1. हृदय रोग चेकअप: डॉक्टर प्रमोद बिंद्रा की टीम (प्लैटिना हार्ट हॉस्पिटल), ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और जरूरतमंदों को ईसीजी। 2. हड्डियों का चेकअप:

डॉक्टर प्राजकतम लैंड द्वारा।, कैल्शियम और प्रोटीन की दवाइयां निशुल्क। 3. स्किन, हेयर और बीएमआई चेकअप:, डॉक्टर रिचार्ज यूनिक क्लिनिक की टीम द्वारा। 4. आंखों की जांच:

डॉक्टर आकांक्षा दर्द द्वारा।, मोतियाबिंद जांच और ऑपरेशन व दवाइयों पर विशेष छूट। 5. महिलाओं व पुरुषों के कैंसर चेकअप:, एसजी हॉस्पिटल की टीम द्वारा ब्रेस्ट और ओरल कैंसर चेकअप।, एचसीजी हॉस्पिटल के डिस्काउंट कूपन। 6. दांतों का चेकअप:, डॉक्टर अंकित अग्रवाल द्वारा।, उपचार पर छूट के कूपन। 7. ब्लड डोनेशन कैंप:, जीएसके ब्लड बैंक के माध्यम से।, रक्तदाताओं को गिफ्ट दिए जाएंगे।

मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि: इस आयोजन में विधायक कृष्ण कोपड़े, मोहन माथे, प्रवीण दटके, पूर्व विधायक गिरीश व्यास, नागपुर शहर अध्यक्ष बंटी कुकड़े सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित रहेंगे। सहयोगी और आयोजक: इस आयोजन में राजकुमार जैन, खुशी जैन, तनिष्का जैन, ऋषभ जैन, डॉक्टर रिचार्ज यूनिक क्लिनिक की टीम एवं अन्य सदस्य सहयोग देंगे। डॉक्टर रिचा राजकुमार जैन, जो विभिन्न सामाजिक संगठनों में प्रमुख पदों पर हैं, पिछले 16 वर्षों से इस कैंप का आयोजन कर रही हैं।

स्थान: डॉ. रिचार्ज यूनिक क्लिनिक, गांधी ग्रीन मार्केट, मेट्रो पिलर 68 के सामने, नागपुर। समय: सोमवार, 2 दिसंबर 2024, सुबह 9:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक। सभी नागरिक इस आयोजन में शामिल होकर निशुल्क सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

प्रमुख आयोजनकर्ता

(बीजेपी जैन प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष और विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं से जुड़ी)। इस कैंप का आयोजन गत 16 वर्षों से डॉ. रिचा जैन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मानव सेवा के रूप में किया जा रहा है।

-डॉ. रिचा राजकुमार जैन

स्कूल ऑफ़ आर्ट्स के छात्रों की अनोखी पहल

नागपुर.

रेल्वे मेंस स्कूल स्थित नागपुर कॉलेज ऑफ़ आर्ट्स के वार्षिक सम्मलेन में छात्रोने विविध मॉडल्स बनाकर अपने हुनर का परिचय दिया।

सभी मॉडल्स ने एक अनोखा सामाजिक मैसेज भी दिया जैसे धूम्रपान के साइड इफेक्ट्स, पोल्लुशण की समस्या को दर्शाता नलसे बेहेता कचरा अदि प्रस्तुत किया, स्लेट जो अपने मातृभाषा का प्रसार कर रही है, इस वार्षिक स्नेहसम्मेलन में छात्रोने सांस्कृतिक आयोजन भी किया था. अजनी स्थित रेलवे मेंस स्कूल के प्रांगण में बनाये ये आकर्षक मॉडल्स को नागपुरवासियोने भी सरहाया।

नागपुर स्कूल ऑफ़ आर्ट्स के प्रिंसिपल प्रथमेश देशपांडे तथा सभी टीचर्स के मार्गदर्शन में छात्रोने अपनी प्रतिभा का अनोखा प्रदर्शन किया और अपनी सभी गुरुजनोंको को मार्गदर्शन के लिए धन्यावाद दिये.

निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

लीला चवरे

कामठी. नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष व समाजवादी पार्टी महिला सभा महाराष्ट्र अध्यक्ष माया चवरे की माताजी लीला नामदेव चवरे (80) का गुरुवार को दुखद निधन हो गया. उनकी अंतिम शवयात्रा उनके निवास स्थान महावीर नगर, रणाला, कामठी से शुक्रवार सुबह 9.30 बजे निकालकर अजनी रोड पर मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा. वे अपने पीछे भरापुरा परिवार छोड़ गई.

संगीता वाही

कामठी. कल्पतरू कॉलोनी निवासी जितेंद्र उर्फ हनी वाही की धर्मपत्नी संगीता वाही (50) का गुरुवार को दुखद निधन हो गया है. उनकी शव यात्रा शुक्रवार सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान कल्पतरू कॉलोनी कामठी से निकालकर गाड़ेघाट मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा. वे अपने पीछे भरापुरा परिवार छोड़ गई.

कांग्रेस व राकां (श.प.) के जिलाध्यक्ष इस्तीफा क्यों न दे !

शशांक चतारे, वर्धा.

जिले में कांग्रेस व राकां (श.प.) को हार का मंथन करने की जरूरत पड़ी है. वर्धा जिला गांधी जिले के नाम से जाना जाता है. और कांग्रेस की पकड़ जिले में मजबूत रही है, किंतु कांग्रेस और राकां की अंदरुनी राजनीति व आपसी मतभेद हार की वजह बनी है. जाति-धर्म विषय पर इस चुनाव में न तो तेली समाज ने और न कुणबी उम्मीदवारों ने वोट डाले है.

देवली से तेली उम्मीदवार राजेश बकाने को कुणबी समाज ने भरपूर मतदान किया है. इसमें हारे हुए उमीदवार को सोचना चाहिए कि, जिले में ज्यादातर मतदान तेली व कुणबी समाज का रहा है. लेकिन कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मनोज चांदूरकर की भी नैतिक जिम्मेदारी थी. इनके खुद के गांव वायफड में कांग्रेस उम्मीदवार रंजीत काबले को 700 बोटसे पिछेरहना पड़ा तथा पूरे सर्कल में हार का सामना करना पड़ा. वही राकां के सुनील राऊत सिर्फ अध्यक्ष पद की पार्टी लेकर ही यहां-वहां घुमते दिखाई दिये. वे कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने में असमर्थ रहे.

कांग्रेस व राकां (श.प.) को सीख लेने की जरुरत

इनके सर्कल में उनको भाजपा उम्मीदवार समीर कुणावार के हाथों भारी भरकम हार का सामना करना पड़ा. इस चुनाव से कांग्रेस व राकां (श.प.) को सीख लेने की जरुरत है, कार्यकर्ताओं में जोरदार चर्चा चल रही है कि, दोनों पार्टी के अध्यक्षों को अपने पद का इस्तीफा देना चाहिए. यह इनकी नैतिक जिम्मेदारी है. यह दोनों पार्टी के अध्यक्ष अपने जिम्मेदारी में खरे नहीं उतर सके.

मवेशियों से भरा वाहन पकड़ाया

गोंदिया. सालेकसा पुलिस थानांतर्गत ग्राम लिंबा से जांभड़ी मार्ग पर ग्राम खोलगढ़ तहसील सालेकसा निवासी आरोपी आत्माराम गिरधारी रहांगडाले (47) अशोक लेलेंड कंपनी के चौपहिया वाहन क्र. एमएच-19/सीवाय-1494 में 5 लाल रंग के, 1 काले रंग का और 1 सफेद रंग का इस तरह कुल मिलाकर 7 छोटे-बड़े गौवंश को भरकर अवैध रूप से उनका परिवहन कर रहा था। जिसे पुलिस ने पकड़ा। वाहन में सभी मवेशियों को बिना चारे-पानी की व्यवस्था किए निर्दयतापूर्वक ठुस-ठुसकर भरा गया था।

पुलिस ने यह कार्रवाई 26 नवंबर की रात 9 बजे के दौरान की। फरियादी पुलिस कर्मी दिनेश गोविंद गौतम की लिखित रिपोर्ट पर सालेकसा पुलिस ने अपराध क्र. 415/2024 महाराष्ट्र प्राणी संरक्षण कानून की धारा 5 (अ) (1) 5 (अ) (2) 6, 9 तथा प्राणी निर्दयता प्रतिबंधक कानून की धारा 11 (ड) के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच पुलिस नायक जांभुलकर कर रहे है।

तीन लाख दस हजार रुपये उड़ाए

हिंगनघाट.

शहर के राठी ऑल डीपो कृषि केंद्र कि अज्ञात चोरों ने नकदी रक्कम उड़ा ली हिंगनघाट शहर के कारंजा चौक स्थित राठी ऑयल डिपो के दिवाणजी पंकज धोटे बैंक ऑफ इंडिया से दुकान के पैसे लेकर आ रहे थे.इस दरम्यान शहर के कारंजा चौक और मोहता चौक के बीच दोपहर 1:40 बजे के बीच दो अज्ञात मोटरसाइकिल आरोपियों ने तिन लाख दस हजार रुपये छीन के ले जाने की घटना घटी है..दुकान के दिवाजी पंकज धोटे के पास से दो मोटरसाइकिल सवार अज्ञात आरोपियों ने तीन लाख दस हजार रुपये कि लुटमार करते हुए रफूचक्कर हो गये

घटना की जानकारी मिलने के बाद हिंगनघाट पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के जरिए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.इस बीच, खबर है कि आरोपीयो का वडनेर तक पीछा किया गया और बाइक सवार पकड़ में नहीं आए संबंधित दुकान के मालिक राठी ने वडनेर की ओर आरोपी जाने की जानकारी दी है इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है पुलिस आगे की जांच कर रही है.

अखण्ड ज्योति आत्मा और आत्मा के मिलन का प्रतीक है : अग्निहोत्री

वर्धा.

हाल ही में महाकाली धाम तीर्थ पर चालीस दिवसीय अखंड ज्योति का समापन एवं घट विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर त्रिदेवी का अष्टांग योग पूजन, होम, हवन पूजन किया गया।

इस अवसर पर श्याम व्यास की ओर से महाप्रसाद का वितरण किया गया। अखण्ड ज्योति के समापन के बाद समीपवर्ती नदी में ज्योती विसर्जित कर दिया गया। इस अवसर पर अखंड ज्योति का महत्व बताते हुए जय महाकाली सेवा मंडल के अध्यक्ष पंडित शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री ने कहा कि इस अखंड ज्योति की स्थापना चालीस दिन पहले हुई थी और आज इसका समापन हो रहा है और इसी से आत्मा जागृत होती है और आत्मा का मिलन होता है परमात्मा और संसार का कल्याण हो जाता है उन्होंने कहा कि अखंड ज्योति महत्वपूर्ण है. इस अवसर पर बाला बालापुरे एवं परिवार रवि बालापुरे एवं परिवार, श्याम व्यास एवं परिवार, राघोबाजी कोरडे, बाबूलाल दीग्रसे, बाबाराव महाजन, चंद्रभानजी आसोले, अनिल बोडखे, गणेश काले सह असंख्य भाविक भक्त उपस्थित थे.

हत्या के मामले का पर्दाफाश

> तिरोड़ा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

गोंदिया.

स्थानीय अपराध शाखा पुलिस गोंदिया एवं तिरोड़ा पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए तिरोड़ा पुलिस थानांतर्गत ग्राम भिवापुर में दो दिन पूर्व घटित एक हत्याकांड का पर्दाफाश कर घटना के मुख्य सुत्रधार एवं उसकी महिला साथी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तिरोड़ा पुलिस थानांतर्गत आने वाले ग्राम भिवापुर में नाले के पास खुली जगह में सड़क किनारे भुराटोला तहसील तिरोड़ा निवासी सुनील चंद्रकुमार कुमडे (32) की अज्ञात आरोपियों द्वारा किसी हथियार से उसके सिर पर प्रहार कर उसकी हत्या कर दिए जाने के संबंध में मृतक की मां भुराटोला निवासी चंद्रकला तुमडे की रिपोर्ट पर तिरोड़ा पुलिस ने अपराध क्र. 845/2024 बीएनएस की धारा 103 (1) के तहत 25 नवंबर 2024 को मामला दर्ज किया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधिक्षक नित्यानंद झा ने इस मामले के आरोपियों को तत्काल खोजकर उन्हे गिरफ्तार करने के निर्देश तिरोड़ा पुलिस के साथ ही स्थानीय अपराध शाखा पुलिस को भी दिए थे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर एलसीबी के पुलिस निरीक्षक दिनेश लबडे के नेतृत्व में एलसीबी टीम के साथ ही तिरोड़ा पुलिस की टीम मामले की जांच के लिए तैनात की गई थी। आरोपियों की खोजबीन के लिए मुखबीर भी नियुक्त किए गए थे। अज्ञात आरोपियों की खोज करते समय घटनास्थल से प्राप्त जानकारी परिसर के नागरिकों से की गई, पुछताछ एवं मृतक का पूर्व इतिहास के साथ ही मुखबीरों से मिली जानकारी के आधार पर इस मामले में शामिल आरोपी भिवापुर तहसील तिरोड़ा निवासी वैष्णवी गणेश सुरनकर (19) को हिरासत में लिया गया एवं उससे पुछताछ की गई, तो उसने इस मामले का मुख्य सुत्रधार भुराटोला तहसील तिरोड़ा निवासी मंगेश माणिकचंद रहांगडाले (24) होने की बात बताई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी क्र. 2 मंगेश रहांगडाले को मुंबई से हिरासत में लिया। दोनों को हत्या के इस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है।

दोनों आरोपियों से पूछताछ करने पर प्राथमिक जानकारी यह सामने आई है कि आरोपी मंगेश राहंगडाले के भाई की मृतक एवं उसके पिता ने पिछले वर्ष हत्या कर दी थी। इसी बात से गुस्साएं आरोपी मंगेश के मन में बदला लेने की भावना बनी हुई थी। इसलिए उसने मृतक का काटा निकालने का निश्चय कर अपनी मित्र वैष्णवी को मृतक के साथ इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती करने को कहा एवं घटना के दिन रात में इसी सोशल मीडिया से उसे घटनास्थल पर मिलने के लिए बुलाया। जैसे ही मृतक वहां पहुंचा तो मंगेश ने अपने भाई की हत्या का बदला लेने के लिए मृतक सुनील तुमडे के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर उसकी हत्या कर दी। घटना के दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने पर उन्हे 30 नवंबर तक पुलिस कस्टडी में रखने के आदेश न्यायालय ने दिए है। इस मामले की आगे की जांच तिरोड़ा के सहायक पुलिस निरीक्षक कवडे कर रहे है।

संविधान समानता, स्वतंत्रता, न्याय का प्रतीक है : अग्निहोत्री

वर्धा.

अग्निहोत्री कॉलेज में संविधान दिवस कार्यक्रम में बोलते हुए पंडित शंकर प्रसादजी अग्निहोत्री ने कहा कि दुनिया के सबसे व्यापक और प्रभावशाली संविधानों में से एक भारत का संविधान है, जो समानता, स्वतंत्रता, न्याय और भाईचारे के प्रति राष्ट्र के समर्पण का प्रतीक है।

उन्होंने आगे कहा कि, राजा हरिश्चंद्र सत्य के प्रतीक हैं. श्री राम न्याय और साधना के प्रतीक हैं, भगवान श्री कृष्ण धैर्य और करुणा के प्रतीक हैं और सावरकर की देशभक्ति, गांधीजी के त्याग और अहिंसा और इस मौके पर उन्होंने कहा कि डॉ.बाबासाहब अंबेडकर के निस्वार्थ प्रयासों से ही संविधान का निर्माण हुआ. इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कोठारे, डॉ. जंगमवार, डॉ. पूनसे, डॉ. जुमले, डॉ. वंजारी, डॉ. सुले, प्रो. अभिषेक सिंह, प्रा. स्वरा अष्टपुत्रे, गजानन दांदडे, अभिषेक रघुवंशी आदि उपस्थित थे।

विधायक अग्रवाल फिर जुटे जनकार्य में

> आग से जले मकान का किया निरीक्षण

गोंदिया.

गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद अग्रवाल दुसरी बार निर्वाचित होने के बाद आज 27 नवंबर को मुंबई से वापस लौटे और लौटते ही फिर अपने विधानसभा क्षेत्र के जनता के कार्यों में व्यस्त हो गए। मुंबई से लौटते ही उन्होंने आज ग्राम आसोली में पहुंचकर आसोली निवासी रविंद्र हुबे के जले मकान का मुआयना किया।

गौरतलब है कि आग लगने से हुमे का पुरा मकान जलकर खाक हो गया। विधायक अग्रवाल ने मकान की स्थिति का अवलोकन करते हुए हुमे परिवार को ढाढस बंधाया और उन्हे आश्वस्त किया कि वे नियमानुसार शासन से नुकसान भरपाई दिलाने का प्रयास करेंगे।

इस दौरान उनके साथ रविंद्र हुमे, परसराम हुमे, महेश मेश्राम, परमा खोब्रागडे, सचिन भेलावे, बंडु दहीकर एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

1100 दीप जलाकर मनाया संविधान दिवस

सड़क अर्जुनी.

तहसील विधी सेवा समिति सड़क अर्जुनी एवं वकील संघ की ओर से 26 नवंबर की शाम सड़क अर्जुनी न्यायालय परिसर में 1100 दीप जलाकर दीपोत्सव के साथ संविधान दिवस मनाया गया। संविधान की उद्देशिका पर माल्यार्पण कर उसका सामूहिक वाचन किया गया। दीपोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख जिला एवं सत्र न्यायाधीश ए.टी. वानखेड़े के हाथों किया गया। प्रमुख अतिथि के रूप में जिला न्यायाधीश ए.एस. प्रतिनिधि, एन.डी. खोसे, मुख्य न्याय दंडाधिकारी ए.वी. कुलकर्णी, जिला विधी सेवा प्राधिकरण के सचिव एन.के. वालके, न्यायाधीश एम.जे. मोहल, एम.बी. कुडते, डा. एस.वी. आव्हाड उपस्थित थे। संविधान दिन के उपलक्ष्य में मुल भारतीय संविधान में दर्शाए गए विविध चित्र एवं उनका इतिहास संबंधी सूचना फलक का अनावरण प्रमुख जिला व सत्र न्यायाधीश ए.टी. वानखेड़े के हाथों किया गया।

मुल संविधान के 22 भागों के प्रारंभ में उकेरे गए चित्र का प्रस्तुतिकरण फलक तैयार कर संविधान का इतिहास, उसका महत्व एवं उसकी मुख्य जानकारी नागरिकों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में संविधान के विषय में जनजागृति करना और उसका महत्व समझाना था।

न्यायाधीश डा. विक्रम आव्हाड ने उपस्थितों को संविधान की ऐतिहासिक पार्श्वभूमि एवं उसके मुल्यों को नागरिकों को समझाने पर जोर दिया। उन्होने आव्हान किया कि हर नागरिक को अन्य राष्ट्रीय पर्व की तरह ही संविधान दिन भी त्यौहार के रूप में मनाना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन न्यायाधीश आव्हाड के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की सफलता के लिए वकील संघ के अध्यक्ष एड. बी.एस. बंसोड़, आर.के. लंजे, ओ.एस. गहाने, ए.एस. राऊत, वी.डी. रहांगडाले, सी.पी. शंभरकर, एम.ए. बंसोड़, कुंदन रामटेके, आर.जे. राऊत एवं अन्य वकीलों का सहयोग लिया। उसी प्रकार न्यायालयीन कर्मचारी एन.जे. लांजेवार, कपील पिल्लेवार, राहुल भुजाडे, एन.बी. परिहार, रवि लिमजे, जे.आर. खान, आर.एस. भुरे, अविनाश शेंदरे तथा पॅरालिगल स्वयंसेवक ए.आर. बैस, पी.एम. राऊत, महेश मौजे, डी.आर. कोरे, एन.आर. वालदे ने महत्वपूर्ण योगदान किया।

विधानसभा के उम्मीदवारों को एक माह के अंदर देना होगा खर्च का ब्यौरा

गोंदिया.

विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव में खड़े उम्मीदवारों में अपने-अपने हिसाब से चुनाव का खर्च किया। लेकिन उन्हे अब चुनाव परिणाम आने के एक माह के अंदर चुनाव में किए गए संपूर्ण खर्च का ब्यौरा प्रस्तुत करना होगा। लोकसभा चुनाव में हार के बाद महायुती ने इस बार विधानसभा चुनाव में जीत के लिए सारा जोर लगा दिया था। वहीं महाविकास आघाडी में भी सत्ता प्राप्ती के उद्देश्य से राज्य में सारी ताकत चुनाव में झोंक दी। इसके लिए बड़ी मात्रा में धन-बल का भी उपयोग किया। उम्मीदवारों को प्रचार के दौरान किए गए हर प्रकार के खर्च का हिसाब अब चुनाव विभाग को 23 दिसंबर तक देना होगा। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में खड़े उम्मीदवार नियमानुसार चुनाव प्रचार में 40 लाख रूपए तक खर्च कर सकते थे। जबकि पिछले चुनाव के समय यह सीमा 28 लाख रूपए थी।

उम्मीदवारों का खर्च चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित की गई दरों पर ही गिना जाएगा। हर चीज के लिए चुनाव आयोग ने खर्च की दर तय कर दी थी। उदाहरण के लिए जीप का किराया प्रतिदिन 4 हजार रूपए एवं ऑटो रिक्शा का किराया 900 रुपए तय किया गया था। चुनाव की अवधी में भी चुनाव विभाग के खर्च नियंत्रण पथक तथा खर्च निरीक्षक द्वारा उम्मीदवार एवं उनके प्रतिनिधियों से खर्च की जानकारी ली गई। प्रचार के दौरान किया गया खर्च दस्तावेजों पर दर्शाना होगा।

चुनाव विभाग के पास खर्च का विवरण प्रस्तुत करते समय उम्मीदवारों को खर्च के बिल भी प्रस्तुत करने होगे। नियमानुसार सभी उम्मीदवारों को निर्धारित सीमा के अंदर ही खर्च करना आवश्यक है। इसका उल्लंघन किए जाने की बात सिद्ध होने पर संबंधित व्यक्ति का पद भी खतरे में पड़ सकता है।

आरटीओ को मिला 5 लाख का राजस्व

गोंदिया.

विधानसभा चुनाव प्रचार में लगे वाहनों की फिटनेस जांच से ही आरटीओ ने 4 लाख 80 हजार 500 रुपए का राजस्व प्राप्त कर लिया। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में मिलाकर कुल 247 छोटे बड़े वाहन लगाए गए थे। चुनाव प्रचार में उपयोग में लाए जानेवाले वाहन अच्छी स्थिति में है या नहीं? इसके लिए उपप्रादेशिक परिवहन कार्यालय की ओर से उनकी जांच की जाती है। फिटनेस प्रमाणपत्र मिलने के बाद ही उन वाहनों को प्रचार कार्य के लिए अनुमति दी जाती है।

फिटनेस नहीं होनेवाले वाहनों से दुर्घटनाओं की संभावना को देखते हुए इस मामले में विशेष सावधानी बरती जाती है। स्थानीय स्तर पर चुनाव प्रचार में ऑटो रिक्शा आदि भी लगाए गए थे। इसके अलावा बड़ी सभाओं के लिए रैलियों के लिए अथवा शक्ति प्रदर्शन के लिए बड़े वाहनों का उपयोग किया जाता था। चुनाव के दौरान गोंदिया आरटीओ ने कुल 247 वाहनों की जांच कर उन्हें अनुमति दी थी। विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए राजनीतिक दलों के साथ ही उम्मीदवारों ने भी निजी वाहन लगाए थे। इन वाहनों के लगाए जाने के कारण अनेक लोगों को कुछ दिनों का रोजगार भी उपलब्ध हुआ था। इन वाहनों के माध्यम से शहरों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी चुनाव प्रचार किया गया था। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में उम्मीदवारों ने प्रचार करने के लिए ओपन जिप्सी का सर्वाधिक उपयोग किया। वे उस पर सवार होकर प्रचार करते देखे गए। जबकि कुछ उम्मीदवारों ने बंद वाहनों से भी चुनाव प्रचार किया। इस तरह चुनाव ने जहां एक ओर शासन के राजस्व में वृद्धि की, वहीं अनेक लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए।

तुअर फसल पर इल्लियों का प्रकोप

> कृषि विभाग ने जारी की एडवाइजरी

गोंदिया.



जिले में तुअर की फसल कली व फूलों की स्थिति में है। फसल को फल्लियां लगनी शुरु हो गई है। लेकिन ऐसी स्थिति में फल्लियों को पस्त करने वाली इल्ली का प्रकोप फसल पर देखा जा रहा है। इसके लिए किसानों को कृषि विभाग ने समय रहते एकात्मिक प्रबंधन के लिए उपाययोजना करने का आह्वान किया है।

फल्लियां फस्त करने वाली इल्लियों में हेलीकोव्हर्पा इस किट की मादी पतंग तुअर की कलियां, फुल व फल्लियों पर पीले-सफेद रंग के अंडे देती है। पूर्ण रुप से बढ़ी हुई इल्ली 30 से 40 मिमी लंबी हरे, पपेटो रंग की दिखाई देती है। पीठ पर हल्की रेखाये रहती है। अंडे देने की अवस्था में 4 से 7 दिन, इल्ली की अवस्था 14 से 16 दिन में पूर्ण रुप से बढी इल्ली पौधे के जड़ में जमीन के भीतर कोषावस्था में जाती है। कोष से पतंग बाहर आते है। इस प्रकार इल्ली का जीवनक्रम 4 से 5 सप्ताह में पूर्ण होता है। इस किट की सालभर में 7 से 9 पीढियां तैयार होती है। बता दें कि अंडे से निकलने के बाद इल्ली कलियां व फूलों में छेद कर पस्त करती है। इससे शुरुवाती अवस्था में ही तुअर फसल का काफी नुकसान होता है। फल्लियों को अनियमित पत्तियां बडी मात्रा में छेद कर परिपक्व दाने खा जाती है। यह इल्ली अमुमन 6 से 16 फल्लियों का नुकसान करती है। यह किट तुअर पर नवंबर से मार्च माह तक क्रियाशील रहती है। दिसंबर से जनवरी माह में इसका प्रकोप और बढता है।

पूर्ण रुप से बढी इल्लियों हाथ से इकट्ठा कर नष्ट करें। प्रति हेक्टयर 20 पंछी रुकावटें फसल में खडे करें। इल्लियों का प्रादुर्भाव बड़े पैमाने पर पाए जाने से तुअर के पौधे पर बोरा डाल कर पौधा हिलाए। इससे इल्लियां बोरे में गिरकर इसे इकट्ठा कर नष्ट करें। पहला छिडकांव फसल 50 प्रश फुलो पर रहते करे। 5 प्रतिशत निंबोली अर्क अथवा अझार्डीरेक्टीन 300 पीपीएम 50 मिली, अझार्डीरेक्टीन 1500 पीपीएम 25 मिली अथवा एचएएनपीवी 500 रोगग्रस्त इल्लियों का अर्क प्रति हेक्टयर में छिड़काव करें अथवा क्वीनोलफॉस 25 ई.सी. 20 मिली प्रति 10 लीटर पानी में घोल कर इसका छिड़काव करें।

दूसरा छिड़काव पहले छिड़काव के 15 दिन बाद करें। इथिऑन 50 प्रतिशत ई.सी. 20 मिली अथवा लॅमडा सायहलोथ्रिन 5 प्रतिशत 10 मिली अथवा फ्लूबेंडामाइड 39.35 एससी 2 मिली अथवा इंडोक्झाकार्ब 15.8 ई.सी. 7 मिली अथवा इमामेक्टिन बेंझोएट 5 प्रतिशत एस.जी. 4 ग्राम, क्लोरांट्रानिलीप्रोल 18.5 एस.सी. 3 मिली प्रति 10 लीटर पानी में मिलाकर छिडकांव करें। ऐसा आव्हान जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी निलेश कानावाड़े ने किया है।

सीएस मोहबे के मामले में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने किया हस्तक्षेप

गोंदिया. स्थानीय केटीएस अस्पताल में कार्यरत सिविल सर्जन डा. अमरीश मोहबे पर लगे भ्रष्टाचार के मामलों पर केंद्रिय स्वास्थ्य मंत्रालय ने महाराष्ट्र के स्वास्थ्य विभाग के सचिव को पत्र लिखकर संपूर्ण प्रकरण की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं की जिम्मेदारी राज्य सरकार की ही होती है। इसलिए इस मामले को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करनी चाहिए।

केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग के सचिव वी.नियंग लांगेल ने पत्र द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सचिव डायरेक्टर एन.एच. एम. महाराष्ट्र को भेजे गए पत्र की प्रतिलिपि शिकायतकर्ता डा. नितेश बाजपेयी को भी भेजी है। डा. नितेश बाजपेयी की शिकायत पर डा. मोहबे पर पहले से ही अनेक विभागीय जांच जारी है एवं कुछ मामलों में वे दोषी भी पाए गए थे। जिसके बाद उनका तबादला कर दिया गया था। लेकिन उस पर स्थगन लेकर वे भी कार्यरत है।

अब भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा भी इस मामले का संज्ञान लेने से उन पर क्या कार्रवाई होती है? इस पर नजरे लगी हुई है।

विधायक विनोद अग्रवाल को मिले मंत्रिपद: पानतवने

> कमल खिलाकर इतिहास कायम किया

गोंदिया.

महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन के साथ ही, मंत्रिपद को लेकर भी आवाज उठाना शुरू हो गई है। एक तरफ कार्यकर्ता जोश में है तो दूसरी तरफ भाजपा पदाधिकारी भी गोंदिया को उसका सम्मान देने आलाकमान से मांग कर रहे है। गोंदिया में महायुति से भाजपा प्रत्याशी रहकर विधानसभा चुनाव में कमल खिलाकर इतिहास बनाने वाले विनोद अग्रवाल को नई सरकार में मंत्रिपद देने गोंदिया नगर परिषद के पूर्व गटनेता घनश्याम पानतवने ने आवाज उठायी है। पानतवने ने कहा, विनोद अग्रवाल को गोंदिया के प्रत्येक समाजवर्ग ने दिल खोलकर मतदान किया और सामने खड़े कांग्रेस के धन्ना सेठ प्रत्याशी को 61 हजार से अधिक मतों से पराजित कर कमल खिलाने का इतिहास रचा।

घनश्याम पानतवने ने आगे कहा, गोंदिया विधानसभा में भाजपा ने कभी इस सीट से जीत दर्ज नहीं की। 72 साल बाद जनता के विधायक ने अपने कार्यों की अमिट छाप छोड़कर कमल खिलान का इतिहास रचा।

निर्दलीय विधायक रहते हुए सिर्फ पांच सालों में विनोद अग्रवाल ने इतने जनविकास के कार्य किये जिसका लोहा पूरा क्षेत्र मान रहा है। गोंदिया विकास की प्रगति की ओर बढ़ रहा है। हर समाजवर्ग उनके कार्यो से खुश और संतुष्ट है।

जनता ने जाती फेक्टर को दरकिनार कर, कांग्रेस के लालच से परे जाकर, बहुमतों से विजयी बनाया। ये जीत गोंदिया के लिए, हरसमाज वर्ग के लिए बड़ी उपलब्धि है। आने वाले पांच साल गोंदिया की प्रगति के और गोंदिया को सुजलाम सुफलाम बनाने के होंगे। प्रत्येक समाजवर्ग को विकास की मुख्यधरा में लाने के होंगे। घनश्याम पानतवने ने कहा, आज लाडली बहनों को जो सम्मान विनोद अग्रवाल ने दिलाया, उसी का प्रतिफल है कि पूरे राज्य में बहनो ने कांग्रेस का तंबू उखाड़ दिया। गोंदिया में अहंकारी नेता को घर बैठा दिया।

इस बार मंत्री और पालकमंत्री गोंदिया से ही हो

घनश्याम पानतवने ने अंत मे कहा कि, जिस तरीके से जनता के विधायक विनोद अग्रवाल ने गोंदिया में विकासशील कार्य कर गोंदिया को प्रगति की ओर ले जाने का कार्य किया, वैसे ही वे अपनी कार्य कुशलता से राज्य को पुरोगामी विकास की ओर ले जाने में प्रयासशील रहेंगे ये विश्वास गोंदिया की जनता को है। विनोद अग्रवाल को राज्य में गठित होने वाली नई सरकार में मंत्रिपद मिलें और गोंदिया को उसका सम्मान मिलें यहीं भाजपा की, गोंदिया की जनता की मांग भाजपा नेताओं से है। गोंदिया की जनता चाहती है कि इस बार गोंदिया से ही मंत्री और पालकमंत्री हो।

बीच-बचाव करने गए युवक की पिटाई

गोंदिया.

शहर थानांतर्गत सिंधी कालोनी निवासी फरियादी अमर हरदास टहल्यानी (31) अपने चचेरे भाई और आरोपी का विवाद छुड़ाने गया था। इस दौरान झोपडी मोहल्ला निवासी आरोपी कन्नु सुभाष समशेरे (22), सुंदर नगर निवासी नन्नु सुरेश बिहारी के पुत्र और अन्य 5-6 लोगों ने उसके साथ गालीगलौज कर पिटाई कर दी। इतना ही नहीं तो उन्होंने फरियादी के सिर पर ईंट से प्रहार कर दिया। जिसमें वह जख्मी हो गया। आरोपियो ने फरियादी के मां-पिता के साथ भी गालीगलौज कर फरियादी को जान से मारने की धमकी दी। इस विवाद में फरियादी के गले की सोने की चैन और लॉकेट का नुकसान हो गया। फरियादी की शिकायत एवं मेडिकल रिपोर्ट पर शहर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 189 (2), 191 (2), 190, 118 (1), 296 324 (4), 351 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार देवानंद मलगाम कर रहे है।

'लापरवाही की ठंड' से सिकुड़ गया दिग्रस पालिका का कामकाज

दिग्रस.

एक तरफ जहां ठंड के मौसम से आम जनजीवन बूरी तरह त्रस्त हो चुका है, वहीं दूसरी तरफ लापरवाही की ठंड से दिग्रस नगर पालिका की कार्यप्रणाली भी सिकुड़ गयी है. नगर पालिका प्रशासन इतना सुस्त हो चुका है की, शिकायत करने के बाद भी नलों में पेयजल के नाम पर गंदे पानी की आपूर्ति थम नहीं रही. पालिका प्रशासन की हठधर्मी से लोगों का स्वास्थ्य खतरे में पड़ गया है. गुरुवार को गंगानगर की महिलाओं ने गंदे पानी की बोतल लेकर पालिका प्रशासन का दरवाजा खटखटाया. पालिका कार्यालय पहुंची.

गंगानगर की महिलाओं ने बताया की बीते कुछ दिनों से लगातार जारी गंदे पानी की जलापूर्ति की शिकायत फोन पर पालिका के संबंधित कर्मचारियों से

क़ई बार की गयी लेकिन कर्मचारियों से उन्हें कोई प्रतिसाद नही मिला. जिस वजह से थक हार कर गंगा नगर परिसर की महिलाओं ने नगर पालिका कार्यालय का रुख किया. इस मौके पर गंगा नगर निवासी तबस्सुम जहांआरा, मनकर्णा दिलीप मुजमुले, अरुणा विलास सोनटक्के, कल्पना दीपक डोंगरे, वर्षा सुरेश लोखंडे, पूनम आमटे सहित बड़ी संख्या में परिसर की महिलाएं उपस्थित थी.

महिलाओं ने जलापूर्ति विभाग के अभियंता के कक्ष का घेराव किया तब उन्हें पता चला के अज्ञात प्रशासकिय कारणों से यहां जलापूर्ति विभाग के अभियंता नदारत है जिस वजह से अभियंता का कक्ष खाली पड़ा है. और तो और मुख्याधिकारी अतुल पंत भी कार्यालय में नही है उनकी फिलहाल छुट्टी चल रही है. वैसे खानापूर्ति के नाम पर जलापूर्ति विभाग का प्रभार किसी अन्य विभाग के एक कर्मचारी को सौंपा गया है.

गंगानगर में नलों से आ रहा गंदा पानी

त्रस्त आम नागरिकों का पारा भी चढ़ने लगा

जमीनीस्तर पर देखा जाए तो नगर पालिका के जलापूर्ति विभाग की कार्यप्रणाली में लापरवाही की बर्फ जम गई है वहीं विभिन्न समस्याओं से त्रस्त आम नागरिकों का पारा भी चढ़ने लगा है. पारा चढ़ना भी स्वाभाविक है क्योंकि खुद पालिका प्रशासन ठोस पहल से चूक रहा है. जिस वजह से ऐसा लगता है मानो जनता का चढ़ा हुआ पारा ही पालिका प्रशासन की सुस्ती की चादर में लिपटी हुई लापरवाही की बर्फ को पिघला सकता है.

इंटरनेशनल ईईसीपी असोसिएशन द्वारा डॉ. सचिन देव्हारे सम्मानित

नागपुर.

दिल्ली में 22 से 24 तक दुनिया भर के हृदय रोग विशेषज्ञों की एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें नॉन-सर्जिकल हार्ट ट्रीटमेंट पर चर्चा की गई। इस सम्मेलन में भारत, जर्मनी, साउथ अफ्रीका, अमेरिका, कनाडा, चीन, मलेशिया, रूस सहित कई देशों के प्रसिद्ध हृदय रोग तज्ञ उपस्थित थे। नागपुर के प्रसिद्ध प्रीवेंटिव कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ. सचिन देव्हारे को भी इस सम्मेलन में आमंत्रित किया गया था। उनके मुग्धा ईईसीपी हार्ट केयर सेंटर को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह सेंटर उन मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है,

जिन्हें एंजियोप्लास्टी या बाईपास सर्जरी की आवश्यकता नहीं होती या जिनकी सर्जरी के बाद ब्लॉकेज फिर से आ जाते हैं। डॉ. देव्हारे ने इस सम्मेलन में यह साझा किया कि कैसे ईईसीपी, एसीटी थेरेपी, और ओजोन थेरेपी जैसी समग्र चिकित्सा पद्धतियों का

उपयोग कर हृदय रोगियों के हृदय को स्वस्थ किया जा सकता है। कॉन्फ्रेंस के दौरान दुनिया भर के चिकित्सकों ने उन मरीजों की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिन्हें इन पद्धतियों से सफलता मिली थी, और इसके परिणामस्वरूप व्यापक चर्चा की गई। मुग्धा ईईसीपी हार्ट केयर सेंटर को मध्य भारत का सबसे बेहतरीन ईईसीपी सेंटर घोषित किया गया और डॉ. सचिन देव्हारे को इंटरनेशनल ईईसीपी असोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. काई रफमन (जर्मनी) द्वारा प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। डॉ. सचिन देव्हारे ने कहा कि मुग्धा ईईसीपी सेंटर में दी जाने वाली ईईसीपी पद्धति अब अमेरिका, रूस, जर्मनी जैसे विकसित देशों के स्तर तक पहुँच चुकी है, और यह सेंटर मरीजों को सफलतापूर्वक उपचार प्रदान कर रहा है। आगे उन्होंने यह भी बताया कि मुग्धा हार्ट केयर सेंटर में ईईसीपी के अलावा, हृदय रोगों के लिए ईएसएमआर और ईएसडब्लूएल जैसी आधुनिक तकनीकों और ओजोन उपचार पद्धतियों को अजनी चौक और मनीष नगर, नागपुर शाखाओं में शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। इस प्रकार, डॉ. सचिन देव्हारे ने न केवल भारत बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हृदय रोग उपचार के क्षेत्र में नई उम्मीदें जगाई हैं।

प्रशासन की लापरवाही से बच्चों की सुरक्षा खतरे में

सौंसर.

नगर एवं क्षेत्र में निजी स्कूलों में चल रही खटारा और असुरक्षित बसों की वजह से बच्चों की सुरक्षा गंभीर खतरे में है। शिक्षा विभाग और प्रशासन में बैठे अधिकारियों की लापरवाही के कारण, स्कूल संचालक बिना किसी नियम के बच्चों का आवागमन असुरक्षित वाहनों में करा रहे हैं। गाइडलाइन के खिलाफ जाकर स्कूल संचालक अधिक पैसे कमाने के लालच में बच्चों को असुरक्षित वाहनों में ढो रहे हैं। स्कूलों में चल रही बसों में न तो किसी गाइडलाइन का पालन हो रहा है और न ही बच्चों की सुरक्षा की कोई गारंटी है। स्कूल बसों की गति पर भी कोई नियंत्रण नहीं है, वहीं छोटे वाहन और खुले ऑटो में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जा रहा है। इसका पूरा विवरण शिक्षा और यातायात विभाग को है, लेकिन प्रशासन और विभाग ने

इस पर कोई कार्रवाई नहीं की है।

शिक्षा सत्र के पांच महीने पूरे हो चुके हैं, लेकिन अब तक बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूल बसों की जांच नहीं की गई। न तो ड्राइवरों के स्वास्थ्य की जांच की गई, न बसों में सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस, स्पीड गवर्नर और अन्य सुरक्षा उपकरण लगाए गए हैं। पालक संघ के पंकज ठाकरे का कहना है कि प्रशासन यदि स्कूल बसों की जांच करे, तो कई अनियमितताएं सामने आएंगी। नियमों के मुताबिक, स्कूल बसों में स्कूल का नाम और संपर्क नंबर होना चाहिए। बसों में प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स, खिड़कियों पर ग्रिल, और सीट के नीचे बच्चों के बैग रखने की जगह होनी चाहिए। इसके अलावा, स्कूल बसों में स्पीड गवर्नर, सीसीटीवी कैमरे और जीपीएस की व्यवस्था होना आवश्यक है। लेकिन सौसर क्षेत्र की निजी स्कूलों में इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है।

पुलिस और प्रशासन की प्रतिक्रिया

थाना प्रभारी ए.बी. मर्सकोले ने कहा कि उन्हें स्कूलों में अनफिट और अव्यवस्थित बसों के संचालन की जानकारी मिली है। वे जल्द ही क्षेत्र में सभी निजी स्कूलों की बसों की जांच करेंगे और शासन एवं परिवहन विभाग के नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों पर कार्रवाई करेंगे। क्षेत्र में स्कूलों में चल रही अव्यवस्थित और असुरक्षित बसों के मामले में प्रशासन और संबंधित विभागों की लापरवाही बच्चों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन चुकी है। अब समय आ गया है कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई करे और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

वर्धा अपराध शाखा की छापामार कार्रवाई

> रेत सहित 30,70,000/- का माल जब्त

वर्धा.

स्थानीय अपराध शाखा, वर्धा, पो.स्टे. की दो टीमें सेवाग्राम क्षेत्र में गश्त के दौरान सूचना मिली कि लाल और हरे रंग के टिप्पर नं. एम-13-एयु -7860 का चालक/मालिक और पीले रंग का टिपर नं. एमएच-32-क्यू-6462 के चालक की मिलीभगत से मौजा तरोडा जिला वर्धा के घाट से बिना शासन पास लाइसेंस (रॉयल्टी) के काली तेल रेत लाई जा रही है। ऐसी सूचना के आधार पर लाल हरे रंग का टिपर नं. एमएच -13-एयु -7860 के चालक का नाम - भारत भीमराव अंबाडारे, उम्र 32 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 5 साठोड़ा, पीले रंग का टिपर क्रमांक एमएच-32-क्यू-6462 का चालक - विनोद अरुणराव डवरे, उम्र 45 वर्ष, वार्ड क्रमांक. 5 पिंपरी मेघे जिला. वर्धा शासन से बिना किसी पास लाइसेंस (रॉयल्टी) के वर्धा में गीली काली रेत का परिवहन करते हुए पाये गये।

आरोपी क्र. 1 और 2 के पास से 2 टिपर किं. 30,00,000/- रूपये एवं 07 ब्रास काली गीली (700 फीट) रेत कीमत 70,000/- रूपये।

जु.किं.30,70,000 रु. का पंचनामा अनुसार विषय वस्तु जप्त कर उक्त आरोपी के विरूद्ध पो. स्टे. सेवाग्राम अप.क्र.897/24 भारतीय न्याय संहिता धारा 303(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कवड़े के निर्देशानुसार पुलिस निरीक्षक विनोद चौधरी, पुलिस उपनिरीक्षक प्रकाश लसुंते, पुलिस आयुक्त चंद्रकांत बुरंगे, भूषण निघोट, मनीष कांबले, रितेश शर्मा, अमोल नगराले, गोपाल बावनकर दीपक साठे, मंगेश आदे सभी स्थानीय अपराध शाखा द्वारा की गयी।

नि:शुल्क साइकिल वितरण में मोहोड हुए सम्मिलित

सौंसर.

ग्राम रामकोना में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित नि:शुल्क साईकिल वितरण कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड सम्मिलित हुए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित कर उज्जवल भविष्य की कामना की एवं साईकिल वितरित की। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य रत्नाकर भकने, मोरेश्वर मर्सकोले डॉ पांडे, उपसरपंच संतोष चौधरी, श्याम ठाकरे, श्याम सिंगनापुरे और छात्र छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहें.

कलेक्टर ने किया मोहगांव का निरीक्षण

सौंसर.

कलेक्टर जिला पांढुर्णा अजय देव शर्मा द्वारा राजस्व महाभियान 3.0 की समीक्षा के दौरान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी सौसर,न्यायालय तहसीलदार सौसर ,न्यायालय नायब तहसीलदार लोधीखेड़ा एवं मोहगांव का औचक निरीक्षण किया गया। शर्मा द्वारा प्रावचकों द्वारा संधारित प्रकरणों का अवलोकन किया गया एवं तारीख से बाहर हुए प्रकरणों को पुनः पेशी पर लेने की निर्देश दिए गए। कलेक्टर जिला पांढुर्णा द्वारा सभी न्यायालय के पीठासीन अधिकारियों को वाद सूची चस्पा करने हेतु निर्देशित किया गया। न्यायालय में लंबित नामांतरण, बटवारा सीमांकन, रिकॉर्ड सुधार एवं रास्ता विवाद के प्रकरणों में त्वरित सुनवाई करते हुए प्रकरणों के निराकरण हेतु सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए। कलेक्टर शर्मा द्वारा तहसील में उपस्थित ग्रामीण जनों से वार्तालाप किया गया एवं उनके लंबित कार्यों के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

न्यायमूर्ति वाई खोबरागड़े का सम्मान समारोह

भंडारा.

बॉम्बे हाई कोर्ट की औरंगाबाद बेंच के जस्टिस वाई खोबरागड़े का मानद समारोह आगामी कार्यक्रम वेदा लॉन्स, स्टेट हाईवे सी. 06 पर भंडारा आयोजित किया गया है। न्यायमूर्ति यनशिबराज गो. खोबरागड़े को भंडारा जिले का एक अनमोल रत्न माना जाता है। लाखनी तालुका के रेंगेपार गाव से आकर, वह दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत के साथ न्यायाधीश के पद तक पहुंचे हैं। उनकी संघर्ष गाथा एक प्रेरणादायक उदाहरण है. उन्होंने जो संघर्ष किया वह अत्यंत पीड़ादायी और दयालु था। इस संघर्ष की कहानी सभी के लिए प्रेरणादायक और अनुकरणीय है।

यह सम्मान न्यायमूर्ति भूषण गवई (सुप्रीम कोर्ट) इनके अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। न्यायमूर्ति प्रसन्ना वरले (सुप्रीम कोर्ट), मुख्य न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार उपाध्याय (मुंबई उच्च न्यायालय), वरिष्ठ न्यायाधीश रवींद्र घुगे (मुंबई उच्च न्यायालय), वरिष्ठ प्रशासनिक न्यायाधीश नितिन सांबरे (नागपुर पीठ), और संरक्षक न्यायाधीश अनिल पानसरे (भंडारा) अतिथि थे। सम्मान की उपस्थिति होगी. कार्यक्रम में वकील, कर्मचारी और विभिन्न अतिथि शामिल होंगे। उच्च न्यायालय, मुंबई नागपुर बेंच, औरंगाबाद बेंच के माननीय न्यायाधीश बार काउंसिल ऑफ महाराष्ट्र के माननीय अधिकारी एडवोकेट. संग्राम देसाई (अध्यक्ष, बार काउंसिल ऑफ महाराष्ट्र और गोवा), वकील। पारिजात पांडे (अभिभावक सदस्य, भंडारा जिला बार काउंसिल)। जिला वकील संघ, भंडारा के अध्यक्ष प्रभात कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया.

संविधान दिवस पर यादगार आयोजन

नागपुर.

संविधान के 75वें वर्ष को यादगार बनाने के उद्देश्य से 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम का आयोजन 26 नवंबर को विदर्भ हिंदी साहित्य सम्मेलन के मधुरम सभागृह में किया गया। इस अवसर पर सुप्रिया मसराम, जो एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में संविधान के 75 आर्टिकल्स को सबसे कम समय में प्रस्तुत करने के लिए दर्ज हैं, ने अपने अभूतपूर्व कौशल का प्रदर्शन किया।

विजयिनी सखी मंच की 75 महिलाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर संविधान की एकता का प्रतीक प्रस्तुत किया। यह आयोजन देशभक्ति और संविधान के प्रति गर्व को समर्पित था। कार्यक्रम में 26/11 के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्या बोरकर द्वारा प्रस्तुत गीत 'ऐ मेरे वतन के लोगों' ने सभा को भावुक कर दिया और हर आंख नम हो गई। कार्यक्रम संयोजिका पूनम हिंदुस्तानी ने कुशल संचालन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने 2015 में आधिकारिक रूप से संविधान दिवस मनाने की शुरुआत की। सभा में विजयिनी सखी मंच की संगीता पांडे, रूबी दास, एकता खत्री, और अन्य सदस्यों ने मुख्य और विशेष अतिथियों का परिचय दिया और धन्यवाद ज्ञापित किया। विजयिनी नीरज जैन, सुनीता अनेजा, इशिता चौधरी, ममता तिवारी, मीना यादव, डॉ. सुषमा नितनवरे, अनिता चौधरी, दीप्ति चाचरा, सोमा सेनगुप्ता, अपर्णा झा, डॉ. शुभांगी वाघ, अधिवक्ता नेहा अग्रवाल और अर्पणा झा ने विशेष सहयोग प्रदान किया। यह कार्यक्रम संविधान दिवस के अमृत महोत्सव को अनूठे और यादगार अंदाज में मनाने का प्रयास था।

मुख्य अतिथियों का मार्गदर्शन

मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व महापौर दयाशंकर तिवारी ने संविधान के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों पर। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा नागपुर नगर महिला मोर्चा की अध्यक्ष प्रगति पाटिल, एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के ज्यूरी सदस्य डॉ. मनोज तत्वादी, मोटिवेशनल स्पीकर वैशाली कोड़े और सुप्रिया मसराम मंचासीन थे.

विजय राहंगडाले को मंत्रिमंडल में स्थान दिया जाये

गोंदिया.

तिरोडा विधानसभा सभा का लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाले विधायक विजय राहंगडाले को मंत्रीमंडल में स्थान दिया जाये ऐसी मांग अखिल भारतीय पोवार महासंघ उपाध्यक्ष आनंद पटले ने कि है। अभी तक पोवार समाज सांसद विधायक चुने गए मगर अभी तक किसी भी पोवर समाज को मंत्रीमंडल में स्थान नहीं मिल सका है इस जिले में बड़ी संख्या में पोवार जनसंख्या है। पर लगातार तीसरी बार विधायक बने विधायक विजय राहंगडाले को अनुभव और उच्च शिक्षा के आधार पर मंत्री मंडल में स्थान दिया जाये ऐसी मांग तिरोडा विधानसभा के सामान्य नागरिक द्वारा किए गए.

शुभांक

श्रीदेवी	266-4	678-1
श्रीदेवी नाईट	459-8	780-5
प्रभात	290-1	126-9
प्रभात नाईट	340-7	360-9
डायमंड	148-3	168-5
मेन बाजार	168-5	-
मिलन डे	245-1	466-6
मेन रतन	224-8	269-7
कल्याण	370-0	144-9
राजधानी डे	358-6	346-3
राजधानी नाईट	133-7	-
कुबेर डे	-	-
डायमंड नाईट	245-1	359-7

तनिष्क शो रूम में एंजल लेडीज क्लब का दीवाली मिलन आयोजन

> तनिष्क शो रूम में नवरानी कलेक्शन की शानदार लॉन्चिंग

नागपुर.

एंजल लेडीज क्लब द्वारा शहर के रेल्वे स्टेशन रोड स्थित तनिष्क स्टोर में एक विशेष 'दिवाली मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां बड़ी संख्या में महिलाएं विविध वेषभूषा कर उपस्थित थे। एंजल लेडीज क्लब के इस विशेष आयोजन में महिलाओं ने अपनी सांस्कृतिक विविधताओं का प्रदर्शन किया। तनिष्क शो रूम में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुवात उपस्थित अतिथियों के हाथों दिप प्रज्वलित कर हुई । विभिन्न रंगारंग गतिविधिया जैसे कि मुझिकल चेअर, फैशन शोसाथ ही अन्य खेल भी यहां खेले गए जहा एंजल लेडीज क्लब और तनिष्क द्वारा आयोजित फैशन शो के विजेता की विशेष ताजपोशी कर सम्मनित किया गया। महिलाएं इस आयोजन में उत्साहित नजर आईं, और यह कार्यक्रम सभी के लिए एक यादगार अनुभव बना।

इस रंगारंग कार्यक्रम में क्लब की सदस्याओं ने दिवाली के अवसर पर एक साथ मिलकर उत्सव का आनंद लिया। स्टोर में विशेष सजावट के साथ, महिलाएं एक-दूसरे से मिलकर खुशियां साझा कर रही थीं।"इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टैरो कार्ड रीडर वैशाली, क्रेज यूनिसेक्स सलोन की ओनर लीना और मिसेस ग्लोबल इंडिया मिसेस स्मिता चावड़ा, सेलेब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट अर्चना राठौड़ मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान मुख्य अतिथि यो द्वारा इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए एंजल लेडीज क्लब की सविता असावा को धन्यवाद दिया ।

आयोजन से समाज में सकारात्मकता को बढ़ावा मिलता है

कार्यक्रम के दौरान, तनिष्क स्टोर द्वारा नए डिज़ाइन नवरानी कलेक्शन का लॉन्चिंग भी किया गया है। एंजल लेडीज क्लब की संस्थापिका सविता असावा, ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में सकारात्मकता और मेल-मिलाप को बढ़ावा मिलता है। साथी महिलाओं को अपना टैलेंट दिखाने के लिए एक प्लेटफॉर्म भी मिलता है।इस आयोजन ने न केवल एक शानदार सामुदायिक वातावरण को उत्पन्न किया, बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण के संदेश को भी आगे बढ़ाया।

बाबासाहब के महापरिनिर्वाण दिवस पर होगी आदरांजलि सभा

सौंसर.

भारतवर्ष के पीड़ितों शोषितों के मसीहा उद्धारक भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर 6 दिसंबर को आदरांजलि सभा का आयोजन किया गया है। समता सैनिक दल जिला शाखा सौंसर के द्वारा आयोजित आदरांजली सभा में बुद्ध विहार सौंसर में सुबह 10 बजे तथागत बुद्ध, डॉ बाबासाहेब अंबेडकरजी के प्रतिमा समक्ष पुष्प अर्पण व सामूहिक बुद्ध वंदना होगी। सुबह 11 डॉ अंबेडकर तिराहे पर बाबासाहेब अंबेडकर के प्रतिमा समक्ष पुष्प अर्पण अभिवादन कर मानवंदना के रूप में आदरांजली दी जाएगी। जीवनी पर विचार रखे जाएंगे। वही शाम 7 बजे बुद्ध विहार से तिहारी स्थित बाबासाहब के प्रतिमा तक कैंडल मार्च निकलते हुए अभिवादन किया जाएगा। इस अवसर पर सभी बहुजन महापुरुषों के विचारक, सभी बौद्ध आंबेडकरी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, अनुयाईयो को कार्यक्रम में उपस्थित रहने निवेदन किया गया है।

Nippon india Mutual Fund
Wealth sets you free

Mutual Fund Investor Awareness Program

To increase awareness about Mutual Funds, we conduct Investor Awareness Programmes (IAPs) across the country. Schedule of upcoming IAP is as mentioned below:

Date	Time	Location
30th Nov, 2024	06.00 pm onwards	Nagpur

Venue: Haldirams, Shankar Nagar, Nagpur-440010.
Name: Mohammad Sarfaraz | **Mob.:** 9325002427

Nippon Life India Asset Management Limited | CIN: L65910MH1995PLC220793

Good gets better

Mutual Fund investments are subject to market risks,read all scheme related documents carefully.